10/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, द **ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले** प्रदान किया गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने श्री मोदी को यह सम्मान दिया। यह पुरस्कार, रूस और भारत के बीच एक विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी विकसित करने और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री मोदी के विशिष्ट योगदान को मान्यता देता है। 1698 में जार पीटर द ग्रेट द्वारा रूस के पहले देवदूत और संरक्षक संत, **सेंट एंड्रयू** के सम्मान में यह पुरस्कार शुरू किया गया था।

0000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर कॉल नेहमा के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। बैठक में व्यापार और निवेश, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्ट-अप, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, सांस्कृतिक सहयोग और आपसी संबंधों के बारे में बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक के बाद श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद सहित मानवता के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी बुनियादी ढांचे से मुकाबला और जैव-ईंधन गठबंधन सहित भारत की पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि चांसलर नेहमा के साथ बहुत सार्थक बातचीत में आपसी सहयोग को और मजबूत करने की नई संभावनाओं की पहचान की गई है।ऑस्ट्रिया के चांसलर कॉल नेहमा ने कहा कि बुनियादी ढांचा, समाज में डिजिटलीकरण और तेज गति से बुनियादी ढांचे का विकास, भारत की सफलता को प्रदर्शित करता है।

0000000000000000

राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के माध्यम से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पहले बैच की राशि वितरित कर दी है। MoTA  और राज्य सरकार से अंतिम किस्त की राशि गत तीन जुलाई दो हजार चौबीस को संबंधित बैंक खाते में जमा की गई थी। शिक्षा विभाग ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसी दिन यानि कि तीन जुलाई को विभाग ने अट्ठाईस हजार पांच छात्रों को छात्रवृत्ति राशि वितरित की थी, लेकिन तकनीकी कारणों से छात्रवृत्ति अड़तालीस से बहत्तर घंटों के भीतर जमा नहीं की जा सकी। तदनुसार, छात्रवृत्ति राशि दस जुलाई दो हजार चौबीस को वितरित की गई है और यह राशि अगले कुछ घंटों या उससे अधिक समय में छात्रों के बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आधार बैंक खाते से संबंधित समस्यों के कारण सात हजार एक सौ चौसठ छात्रों की छात्रवृत्ति प्रक्रिया में नहीं आ सकी, जिसकी सूचना एन एस पी पोर्टल के माध्यम से ऑटो -जेनेरेटेड एस एम एस के माध्यम से संबंधित छात्रों को पहले ही दे दी गई है।

000000000000000

ईटानगर पुलिस ने रविवार को मादक पदार्थों की तस्करी में कथित रुप से शामिल होने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 2nd आई आर बी एन कांस्टेबल मोलापिंग मानसाई के रुप में की गई है जो गृह सचिव से संबंद्ध था और दूसरा गोदक तातक, जो अपेदा कार्यालय में केयरटेकर के रुप में नियमित कर्मचारी था। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन दशमलव नौ ग्राम संदिग्ध हेरोइन की सत्ताईस शीशियां भी बरामद की।

0000000000000000

चांगलांग जिला प्रशासन ने जिले के शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग को रोकने के लिए एंटी रैगिंग दिशा -निर्देश जारी किए है। हाल ही में बोरदुमसा के जे एन वी गोजु में रैगिंग की घटना के मद्देनजर यह दिशा-निर्देश जारी किए है, जिसमें कई छात्र घायल हो गए थे। दिशा -निर्देशों के तहत सभी छात्रों और अभिभावकों को स्कूल में प्रवेश के समय एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग पर हस्ताक्षर करना होगा। हॉस्टल के छात्रों नए और वरिष्ठ दोनों-की उपस्थिति रात नौ बजे ली जाएगी और इसकी रिपोर्ट एंटि रैगिंग दस्ते को सौंपी जाएगी। दिशा-निर्देशों में कहा है कि सभी छात्रों को छात्रावास के नियमों और एंटी रैगिंग विनियमों का पालन करना होगा। छात्रावास में मोबाइल फोन या किसी अन्य गैजेट का उपयोग सख्त वर्जित है।

0000000000000000

राजधानी ईटानगर जिला उपायुक्त श्वेता नागरकोटी मेहता के निर्देशानुसार, राजधानी ईटानगर के जिला परिवहन अधिकारी तेची तुकप और उनकी टीम ने एन एच -415 और सेक्टर की सड़कों पर पार्क किए गए सभी लावारिस वाहनों को हटाने के लिए अभियान चलाया, जो यातायात के मुक्त प्रवाह में बाधा डाल रहे थे।

अभियान के दौरान कुछ लावारिस ऑफ रोड वाहनों को हटाया गया, टो किया गयाऔर जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर अंतर्राज्यीय ट्रक टर्मिनल लेखी में रखा गया। जिला उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान आने वाले दोनों में भी जारी रहेगा।

000000000000000

राजधानी ईटानगर जिला उपायुक्त श्वेता नागरकोटी मेहता ने मंगलवार को जोलंग के होक्का गांव में नए स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (एच डव्लू सी) का उदघाटन किया। जिला उपायुक्त ने स्थानीय निवासियों से एच डव्लू सी द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने को कहा। सरकार द्वारा कार्यान्वित महत्वपूर्ण पहलों के कार्यान्वयन में सार्वजनिक सहयोग के महत्व पर बल देते हुए जिला उपायुक्त ने स्थानीय लोगों को एच डब्लू सी कर्मचारियों का समर्थन करने और सहयोग  देने को कहा। उन्होंने केंद्र के कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें पूरा समर्थन देने का आश्वासन भी दिया।

0000000000000000

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मंत्री किरन रिजिजू ने मंगलवार को ईटानगर में एक प्रेस सम्मेलन में कहा कि भारत-चीन सीमा पर फ्रंटियर हाइवे के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की भौतीक और वित्तीय स्थिति की समीक्षा की और कार्यक्रम के अंदर भविष्य की योजनाओं के लिए रोडमैप तैयार किया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, उप मुख्यमंत्री चाउना मेन और मंत्री कैंतो जिनी भी उपस्थित थे।

श्री रिजिजू ने कार्यक्रम के तहत चल रही परियोजनाओं के लिए राज्य को केंद्रीय हिस्से के रुप में पैतीस करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी करने की घोषणा भी की।

0000000000000000